J www.jagran.com
दैनिक जागरण
जमशेदपुर, 31 अक्टूबर, 2023 | 3

## इस्टीम स्कूल में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता में यमुना और दामोदर हाउस बना विजेता




विजेता का चार्ट देते चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ● जागरण

जासं, चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. मनोज कुमार झा, सचिव ज्योत्सना झा, प्राचार्य टी. कुमार व शीला ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विद्यार्थियों की ओर से स्वागत गान की प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात गंगा, यमुना, दामोदर और स्वर्णरेखा हाउस के बीच क्विज कांटेस्ट शुरु हुआ। कांटेस्ट में रिजनिंग, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, सोशल साइंस, साइंस, सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स, कंप्यूटर आदि विषयों से संबंधित सवाल पूछे गए। पूरे कांटेस्ट में आडियो विजुअल राउंड सबसे ज्यादा रोचक रहा।

प्रभात खबर
जमशेदपुर, मंगलवार
31.10.2023 | 03
prabhatkhabar.com

## क्विज कंपीटिशन में यमुना व दामोदर हाउस बने विजेता



**चाईबासा.** इस्टीम पब्लिक स्कूल में सोमवार को इंटर हाउस क्विज कंपीटिशन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मनोज कुमार झा ज्योत्सना झा, प्राचार्य टी कुमार व शीला ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया. तत्पश्चात गंगा, यमुना, दामोदर और स्वर्णरेखा हाउस के बीच क्विज कॉटेस्ट शुरू हुआ. कॉन्टेस्ट में रीजनिंग, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, सोशल साइंस, साइंस, सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स व कंप्यूटर आदि विषयों से संबंधित सवाल पूछे गये. कॉन्टेस्ट में ऑडियो विजुअल राउंड काफी रोचक रहा. प्रतियोगिता में चारों हाउस का प्रदर्शन शानदार रहा. यमुना हाउस तथा दामोदर हाउस की टीम विजेता रही. डॉ मनोज कुमार झा ने दोनों विजयी टीम को बधाई दी.

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com
जमशेदपुर, मंगलवार, 31 अक्तूबर 2023 | 02


## क्विज में यमुना और दामोदर हाउस बने विजेता




**चाईबासा।** इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा उपस्थित थे। मौके पर गंगा, यमुना, दामोदर और स्वर्णरेखा हाउस के बीच क्विज कॉटेस्ट शुरू हुआ। प्रतियोगिता में चारों हाउस का प्रदर्शन शानदार रहा और बहुत ही कम अंतर से यमुना हाउस तथा दामोदर हाउस की टीम विजेता रही। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

दैनिक भास्कर
चाईबासा भास्कर 01-11-2023

## इंटर हाउस प्रतियोगिता में यमुना व दामोदर हाउस बना विजेता




**चाईबासा।** इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्विज कंपटीशन का आयोजन मंगलवार को किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा थे। उन्होंने अपने संबोधन में दोनों विजयी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों को बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य टी. कुमार ने सभी प्रतिभागी टीमों की प्रशंसा करते हुए इस तरह के आयोजन को बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी व ज्ञानवर्धक बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मनोज कुमार झा, ज्योत्सना झा, प्राचार्य टी. कुमार एवं शीला ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। कॉन्टेस्ट में रिजनिंग, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, सोशल साइंस, साइंस, सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स, कंप्यूटर आदि विषयों से संबंधित सवाल पूछे गए। प्रतियोगिता में यमुना हाउस तथा दामोदर हाउस की टीम विजेता रही।